लोक सभा अध्यक्ष ने श्री अशोक सिंघल के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 17 नवम्बर, 2015: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता श्री अशोक सिंघल के दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है । अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहाः-

"श्री सिंघल एक आधुनिक ऋषि थे। उनके निधन से आज हमने एक ऋषितुल्य व्यक्ति को खोया है। उन्होंने एक संगठन खड़ा करके, उसका देशव्यापी विस्तार करके, सभी धर्माचार्यों को एक मंच पर लाकर, एक समभाव का निर्माण करने का एक महान कार्य किया है। प्रत्येक कार्य करते वक्त अपने आपको एक सेवक के रूप में प्रस्तुत करने की उनकी शैली थी। उनके निधन से हमने प्रभु राम के एक हनुमान जैसे भक्त को खो दिया है।

उनका निधन सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में एक गहरी क्षति है। उनका समस्त जीवन समर्पित रहा है। उनका अद्वितीय योगदान आने वाले समय में याद किया जाएगा। मैं उनकी पावन स्मृति में अपना शोक संदेश प्रेषित करती हूं। "